C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:40 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:42 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 265 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 17 अप्रैल 2024

फिल्म में दिखी इजराइल के...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### बंद घर में चोरों की सेंधमारी, हजारों की नगदी चुराई

**हल्द्वानी।** चोरों ने बंद घर में सेंधमारी कर हजारों की नगदी और चांदी के जेवरात चुरा लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस में की है। पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है। लोहरियासाल मल्ला ऊंचापुल निवासी प्रकाश चंद्र बहुगुणा ने मुखानी थाने में दी तहरीर में कहा है कि 11 अप्रैल को किसी काम से पिथौरागढ़ गए थे। 13 अप्रैल की रात को उन्हें घर में चोरी होने की सूचना मिली। चोरों ने घर में रखी 60 हजार रूपए की नगदी के अलावा चांदी के जेवर चुरा लिए। पुलिस ने तहरीर के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लापता युवक टांडा जंगल में पेड़ पर लटका मिला

**रुद्रपुर।** थाना पंतनगर क्षेत्र टांडा जंगल में नदी किनारे पेड़ पर एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई कर रही। पुलिस के मुताबिक मंगलवार शाम को टांडा जंगल में नदी किनारे पेड़ पर एक युवक के लटके होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। इसके बाद शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। थाना पंतनगर के प्रभारी निरीक्षक आरएस डांगी ने बताया कि शव नदी किनारे पेड़ पर लटका मिला। उन्होंने बताया कि उसके पास मिले मोबाइल से उसकी शिनाख्त इंदिरा आदर्श कालोनी निवासी 32 वर्षीय सुशील कुमार पुत्र तपन के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि परिजनों ने जानकारी लेने पर बताया वह 5 अप्रैल से घर से लापता हो गया था। उसकी खोजबीन की, मगर कोई पता नहीं चला। था। पुलिस जांच कर रही है और परिजनों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। मृतक के तीन बच्चे हैं। परिवार में कोहराम मच गया।

# राम जन्मोत्सव का अद्भुत क्षण, सूर्य किरणों ने किया रामलला का तिलक

अयोध्या
एजेंसी

राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहली रामनवमी है। भगवान श्रीराम का सूर्य तिलक हो गया है। सूर्य की किरणों से रामलला का सूर्याभिषेक किया गया। रामनवमी पर अयोध्या में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है।



विदिशा से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज का दिन विशेष इसलिए है कि 500 साल की प्रतीक्षा के बाद रामलला अयोध्या में जन्म स्थान पर दिव्य और भव्य मंदिर में विराजे हैं। पूरा देश आनंद के सागर में डूबा है। भगवान से प्रार्थना है कि सब पर कृपा और आशीर्वाद की वर्षा करें। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रामनवमी के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। यह पावन पर्व हमें सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। निस्वार्थ प्रेम, पराक्रम और उदारता के उच्चतम आदर्श स्थापित करने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम का संपूर्ण जीवन मानव जाति के लिए प्रेरणास्रोत है। आज के शुभ दिन हम ऐसे राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लें जहां सबका जीवन गरिमापूर्ण हो और सर्वत्र समृद्धि का संचार हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा।
केंद्रीय मंत्री और नागपुर से भाजपा उम्मीदवार नितिन गडकरी ने कहा कि यह पूरे देश के लिए बेहद खुशी की बात है कि भगवान राम की जन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण हो गया है। आज हम देशभर में रामनवमी मना रहे हैं। भगवान राम हमारे इतिहास और संस्कृति के प्रतीक हैं। आज भगवान राम के आशीर्वाद से हमने राम राज्य की स्थापना का संकल्प लिया है। राम नवमी की तारीख चंद्र कैलेंडर से निर्धारित होती है इसलिए यह सुनिश्चित करने के लिए कि शुभ अभिषेक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हो, 19 गियर की विशेष व्यवस्था की गई है। डॉ. चौहान का कहना है कि, गियर-बेस्ड सूर्य तिलक मैकेनिज्म में बिजली, बैटरी या लोहे का उपयोग नहीं किया गया है।

नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट पर भाजपा ने झोंकी ताकत

# सीएम धामी ने किया रोड शो, चप्पा-चप्पा भाजपा के नारों से भाजपामय

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र में अपनी पूरी ताकत झोक दी। कार्यकर्ताओं ने जगह जगह रैली और नुक्कड़ सभा के माध्यम से जनसम्पर्क किया। हल्द्वानी में स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में रोड शो किया।



पशु चिकित्सालय के पास से रोड शो प्रारम्भ हुआ और कालाढूंगी रोड से होता हुआ नैनीताल रोड पहुंचा और तिकोनिया में समापन हुआ। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भारी जनसैलाब चप्पा-चप्पा भाजपा के नारों के साथ आगे बड़ा और पूरा माहौल भाजपामय हों उठा। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोगों का अभिवादन करते हुये कहा कि पुरे प्रदेश में भाजपा कि लहर चल रहीं है और आम जनता प्रधानमंत्री मोदी कि विकास कि गारंटी के साथ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आगामी 19 अप्रैल को हमने मतदान करना है। उन्होंने कहा विकसित उत्तराखंड और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने हेतु 400 पार के नारे को सिद्ध करना है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने विकास के कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। मोदी के नेतृत्व में आधुनिक भारत के साथ आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री, देश के 140 करोड़ नागरिकों को अपना परिवार मानकर अंत्योदय के लक्ष्य को लेकर निरंतर कार्य कर रहे हैं। 10 सालों में हर पल हर क्षण देशवासियों को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा जारी घोषणा पत्र में हर क्षेत्र के उदय की बात कही गई है। घोषणा पत्र में विकसित भारत का संकल्प लिया गया है। राज्य सरकार ने भी राज्य के हित में कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। जो उत्तराखंड को बेहतर और श्रेष्ठ राज्य बनाने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उन्होंने कहा 2022 विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमने समान नागरिक संहिता का संकल्प रखा था। जनता के आशीर्वाद से हमें सरकार में आने का अवसर मिला हमने मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए समान नागरिक....

शेष पेज 4 पर

# 19 को उत्तराखंड का मौसम बदलेगा तेज हवाएं और ओलावृष्टि के आसार

देहरादून/हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

19 अप्रैल यानी मतदान के दिन 30-40 किलोमीटर की रफ्तार से चलने वाली झोंकेदार हवाओं से पर्वतीय इलाकों में तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट आने से ठंड का अहसास होगा।
उत्तराखंड में मतदान के दिन मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। 19 अप्रैल को झोंकेदार हवाएं चलने के साथ कहीं-कहीं ओलावृष्टि के आसार हैं। इससे पर्वतीय इलाकों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने और मैदानी इलाकों में दो-तीन डिग्री अधिक रहने की संभावना है।
लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद से ही देश के साथ उत्तराखंड में भी चुनावी सरगर्मियां तेज हैं। इस बीच समय-समय पर मौसम भी अपने तेवर दिखा रहा है। बीते कुछ दिनों की बात करें तो अचानक मौसम में आए बदलाव से प्रदेशभर में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 18 अप्रैल से एक बार फिर मौसम में परिवर्तन होगा। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, 18 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ आने से देहरादून समेत उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में बिजली चमकने के साथ झोकेदार हवाएं चलेंगी। जबकि, 19 अप्रैल यानी मतदान के दिन 30-40 किलोमीटर की रफ्तार से चलने वाली झोंकेदार हवाओं से पर्वतीय इलाकों में तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट आने से ठंड का अहसास होगा। जबकि, मैदानी इलाकों में भले ही तापमान सामान्य से दो-तीन डिग्री अधिक रहे, लेकिन मौसम सुहाना रहेगा।



# देर रात सिडकुल की बस में लगी आग, अफरातफरी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

आरटीओ रोड पर खड़ी सिडकुल की बस में आग लग गई जिससे अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही कि वाहन में कोई सवार नहीं था। आग लगने की सूचना लोगों ने दमकल विभाग को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे दमकल वाहन ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। बताया जा रहा है कि हल्द्वानी से रुद्रपुर स्थित सिडकुल कंपनी में श्रमिकों को लाने ले जाने वाली बस आरटीओ रोड पर सड़क किनारे खड़ी थी। तभी बस में अचानक आग लग गई। जिसके बाद लोग आग बुझाने के काम में लग गए लेकिन आग बढ़ती चली गई। लोगों ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही एफएसओ सहित दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग किस कारण से लगी इसका पता नहीं चल पाया है।



# जनता को नयी सरकार के लिए अपनी भागीदारी करनी है: सचिन पायलट





हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

कांग्रेस स्टार प्रचारक सचिन पायलट के हल्द्वानी पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने उनका रामलीला मैदान में भव्य स्वागत किया। इस मौके पर सचिन पायलट ने कहा कि 19 अप्रैल को उत्तराखंड कि जनता को सांसद चुनना है और नयी सरकार के लिए अपनी भागीदारी करनी है। उन्होंने कहा कि ये चुनाव सिर्फ भाजपा या कांग्रेस दो उम्मीदवारों कि लड़ाई नहीं है बल्कि यह देश कि तकदीर तय करने का चुनाव है। जनता को भाजपा कि 10 साल कि सरकार का विश्लेषण करना होगा कि 10 साल पहले भाजपा महंगाई, बेरोजगारी, कालाधन, भर्ष्टाचार समाप्त करने को लेकर सरकार में आयी थी। इन 10 सालों में बेरोजगारी सबसे ज्यादा बड़ी है। महंगाई आज चरम पर है। भाजपा बदले कि राजनीति कर विपक्ष मुक्त सरकार बनाना चाहती है। कांग्रेस गरीबों का कर्ज माफ़ करती है और भाजपा सिर्फ चंद उद्योगपतियों का हजारों करोड़ का कर्जा माफ़ करती है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में मतदान कि अपील कि। कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता के वोट में है। जनता के पास हर पाँच साल में अपने चुने हुवे जनप्रतिधि से हिसाब माँगने का हक है। वर्तमान सांसद जनता को उनके विकास का हिसाब दे ना कि सार्वजनिक तौर से माफ़ी मांगें। जनता जागरूक है और सही और सक्षम कि पहचान करना जानती है। प्रकाश जोशी ने कहा की जनता एक बार सेवा का मौका दे तो मैं उन्हें निराश नही होने दूँगा। सांसद, संसदीय क्षेत्र के लिए क्या क्या कर सकता है, कर के दिखाऊंगा। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा की भाजपा द्वारा अतिक्रमण के नाम पर आम जनमानस को उजाड़ने का जो कार्य किया जा रहा है वो भाजपा के अहंकार और गरीब विरोधी सोच को दर्शाता है।

विधायक सुमित हृदयश ने भी अपील की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, गोविंद बिष्ट, योगेश जोशी, दीप सती, तारा नेगी, संजय बिष्ट, भोला भट्ट, नीरज तिवारी, जया कर्नाटक, भागीरथी बिष्ट, विशाल भोजक, राजा फर्थवान, हिमांशु जोशी आदि मौजूद रहे।

# 505 बूथों पर वेबकास्टिंग कैमरे लगाए

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने बुधवार को एमबीपीजी कालेज में पोलिंग पार्टियों को सामग्री वितरण के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना ने पोलिंग पार्टियों के परिवहन हेतु प्रयोग होने वाले वाहनों की लगातार जीपीएस ट्रैकिंग करने के निर्देश दिए।

उन्होंने नोडल कंट्रोल रूम को निर्देशित किया कि मतदाता पहचान पत्र, वोटर आईडी कार्ड के संबंध में आने वाली पूछताछ संबंधी कॉल्स में कॉलर को सही जानकारी दें तथा वोटर आईडी कार्ड के स्थान पर मतदाता की पहचान हेतु और किन दस्तावेजों का प्रयोग मतदान के दिन किया जा सकता है इसके विषय में भी सही प्रकार से वोटर्स को जानकारी दें। उन्होंने वेब कास्टिंग नोडल अधिकारी को निर्वाचन के दिन मतदान केंद्रों की वेब कास्टिंग में किसी तरह की समस्या न हो इसके लिए सभी बूथ आपरेटरों से प्रभावी समन्वय करने की बात कही। नोडल अधिकारी द्वारा सभी 505 बूथों पर वेबकास्टिंग कैमरा स्थापित किए जाने और सफल टेस्टिंग पूर्ण होने की जानकारी जिलाधिकारी को दी गई। इसी के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी कारणवश किसी मतदाता के पास वोटर आईडी कार्ड नहीं है तो ऐसे मतदाताओं को परेशान होने की जरूरत नहीं है।



यदि आपका नाम मतदाता सूची में है तो बूथ पर जाकर वैकल्पिक दस्तावेजों के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। जिन मतदाताओं के पास मतदाता फोटो पहचान पत्र नहीं है, वे आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक व डाकघर में जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, भारतीय पासपोर्ट, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, केन्द्र व राज्य सरकार लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड क पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार आदि के माध्यम से अपनी पहचान स्थापित करके मतदान कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान, तहसीलदार हल्द्वानी सचिन कुमार मौजूद थे।

**जायजा**

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने पोलिंग पार्टियों की सामग्री वितरण के दौरान व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## वृद्धा को उसके बेटे और नाती ने बेरहमी से पीटा, गंभीर चोटें

**रुद्रपुर।** मुकदमा वापस नहीं लेने पर वृद्धा के साथ उसके पुत्र और नाती ने घर में घुसकर बेरहमी से पीटा। इससे वृद्धा के गंभीर चोटें आई। वृद्धा का आरोप है कि मामले में कार्रवाई के लिए वह चौकी और कोतवाली के चक्कर काट रही है,लेकिन उसकी शिकायत पर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। वार्ड चौकी रम्पुरा क्षेत्र 24 निवासी भामा देवी पत्नी स्व.रामचरन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका पुत्र और नाती उसके साथ मारपीट करते है तथा घर से मारपीट कर कई बार निकाल दिया है। जिसकी रिपोर्ट उसने दिनांक 21 मार्च 2021 को थाना रूद्रपुर में लिखाई थी। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। वृद्धा का आरोप है कि 14 मार्च 2024 की रात्रि 8 बजे उसके पुत्र और पुत्र के लड़के लाठी डंडे, हथियार लेकर घुस आये और गन्दी गन्दी गालियां देते हुये कहने लगे तूने हमारे खिलाफ कोर्ट में मुकदमा कर रखा है उसे वापस ले नहीं तो तुझे जान से मार देंगे। शोर शराबा सुन कर आस पास के लोग मौके पर आए और लोगों ने बमुश्किल हमलावरों से छुड़ाया।



## अखंड रामायण का आयोजन भजन कीर्तन के साथ कलश यात्रा

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल के समीप खुर्पाताल में मां पिंगला देवी दरबार में महिला संगठन खुर्पाताल की ओर से अखंड रामायण का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मंगलवार को अष्टमी के अवसर पर हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा से किया गया। जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर नैनीताल के विद्यार्थियों के घोष के साथ ही समस्त स्कूलों की झांकियां और ग्राम वासियों के साथ ही महिलाओ ने पारंपरिक परिधान में सरोवर से जल एकत्र करते हुए भजन कीर्तन के साथ कलश यात्रा निकाली। इसके बाद पिंगला देवी मंदिर में गणेश पूजन किया गया और उसके बाद अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। शाम के समय मंदिर परिसर में भजन कीर्तन के साथ ही भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस दौरान इंदिरा परिहार, नीमा कनवाल, किरन कनवाल, गीता बिष्ट, नीतू कनवाल, कविता कनवाल, गीता कनवाल, भारती नेगी, देवकी कनवाल, रेखा कनवाल, ज्योति बिष्ट, जानकी देवी, हेमा राठौर, जीवन नेगी, वीरेंद्र खानी, कुबेर कनवाल तथा जितेंद्र सिंह, भरत कनवाल, करन राठौर, दीपक कनवाल तथा पूर्व प्रधान मनमोहन कनवाल व हेमंत बिष्ट तथा सौरभ व शुभम आदि उपस्थित रहे।

## गुलदार की आवाजाही से लोगों में दहशत, पिंजरा लगाने की मांग

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नगर में लगातार गुलदार का खतरा बढ़ता जा रहा है, आए दिन गुलदार की आवाजाही से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

वहीं अब बीते एक सप्ताह से घनी आवादी वाला क्षेत्र स्टाफ हाउस में भी गुलदार की आवाजाही से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। गुलदार क्षेत्र में चार कुत्तों को अपना निवाला बना चुका है, जिसके बाद अब लोगों को शाम के बाद घरों से बाहर निकलने पर खतरा बना हुआ है। बता दें मामले को लेकर मंगलवार को पूर्व छात्रसंघ सचिव राहुल नेगी ने वन विभाग से क्षेत्र में जल्द से जल्द पिंजरा लगाने की मांग की। काबिलेगौर है कि कुछ दिन पूर्व भी स्थानीय लोगों ने वन क्षेत्राधिकार से पिंजरा लगाकर गुलदार को पकडने की मांग की थी,लेकिन वन विभाग द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसके बाद से गुलदार दो और कुत्तों को अपना निवाला बना चुका है। अब लोगों का कहना है कि ऐसे में अगर कोई जनहानि होती है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी वन विभाग की होगी।



## NEWS / फटाफट

### चरस के साथ पकड़े आरोपी को साढ़े दस साल का कारावास

नैनीताल। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट राहुल गर्ग की अदालत ने एक किलो चरस के साथ पकड़े गए आरोपी को साढ़े दस साल के कठोर कारावास व एक लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 17 जनवरी 2022 को हल्द्वानी पुलिस ने किशन सिंह निवासी पैजाना थाना मुक्तेश्वर को 1 किलो 115 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था । इस मामले की सुनवाई के दौरान अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पूजा साह ने कोर्ट को बताया कि आरोपी के पास व्यवसायिक मात्रा में चरस बरामद हुई है जो समाज के लिये घातक है इसलिये आरोपी को कठोर सजा दी जाय । इन आरोपों से संतुष्ट होकर कोर्ट ने आरोपी को साढ़े दस साल की सजा सुनाई है ।

### आठवें दिन हाईकोर्ट के नए चैम्बर बिल्डिंग में सुंदरकांड



**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने नवरात्रि के आठवें दिन हाईकोर्ट के नए चैम्बर बिल्डिंग में सुंदरकांड का आयोजन कराया। एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत ने अधिवक्ताओं के उज्वल भविष्य तथा स्वास्थ्य की कामना और नए चैम्बर की बिल्डिंग के लिए हवन करवाया। इस पावन अवसर पर महासचिव सौरभ अधिकारी समेत पुष्पा भट्ट, वरिष्ठ अधिवक्ता पुष्पा जोशी जीए राजेश शर्माए संजय भट्टए सिद्धार्थ शाह, त्रिलोचन पांडे, अंजलि भार्गव, नीरज, आदित्य कुमार, दीप प्रकाश भट्ट, राजीव भट्ट, वीरेंद्र रावत तथा दुर्गा मेहता, शीतल गुरबानी, सोनिका, ममता बिष्ट तथा ममता जोशी आदि मौजूद थे ।

### मासिक बैठक का आयोजन



**नैनीताल।** सरोवर नगरी में अखिल भारतीय महिला परिषद की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को परिषद की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चुंबकीय (ई बायोटोरियम) दवा मुक्त इलाज भास्कर खुल्वे द्वारा दिया गया। संस्था द्वारा दुर्घटनाग्रस्त शिवानंद मल्होत्रा निवासी मैलरोज कंपाउंड को सहायता राशि प्रदान की तथा संस्था द्वारा निशुल्क ब्यूटीशियन कोर्स चल रहा है पर चर्चा की गयी। इस दौरान शान्ती मेहरा, सावित्री सनवाल, गजाला कमाल, दया बिष्ट, रेखा त्रिवेदी, नन्दनी पंत तथा तारा बोरा द्वारा भाग लिया गया। संचालन सावित्री सनवाल द्वारा दिया।

### गर्मी ने किया परेशान, हवा ने गिराया आंशिक तापमान

**हल्द्वानी।** तेज धूप और गर्मी ने परेशान किया। हालांकि हवाओं ने आंशिक तापमान गिराया। दो दिन बाद फिर मौसम का मिजाज बदलेगा। उत्तराखंड के तराई में धूप, गर्मी ने बुधवार को गर्मी ने परेशान किया। इससे पहले मंगलवार को अधिकतम तापमान गिरावट दर्ज की गई। वहीं, गुरुवार को भी गर्मी के तेवर में कमी आने की संभावना नहीं है। 17 और 18 अप्रैल को पूरे दिन दौरान हवाएं चलेंगी। जबकि 19 अप्रैल को बौछारें पड़ने का अनुमान मौसम विभाग व्यक्त कर रहा है। बुधवार को दोपहर होते-होते सूरज की किरणें तन झुलसाने लगीं। बीच-बीच में बादल आते रहे लेकिन इससे गर्मी से विशेष राहत नहीं मिल सकी। दिन में गर्म हवाएं भी चलीं। बुधवार को शहर का मौसम यथावत रहेगा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान केंद्र के अनुसार शुक्रवार को हवा के साथ बारिश की बौछारें पड़ सकती हैं। जिससे अधिकतम तापमान में 1 डिग्री की गिरावट आ सकती है।

## नैनीताल में मत कर नशा मत कर...गाने का फिल्मांकन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल में मत कर नशा मत कर--- गाने का फिल्मांकन नगर के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया। उच्च न्यायालय के दिशा- निर्देश पर नशा मुक्त देश-प्रदेश की मुहिम के तहत गाने का निर्माण किया गया।

बता दें कि नैनीताल नगर में विगत दो दिनों से सेंट जोसेफ कॉलेज, ऑल सेंट कॉलेज, तल्लीताल गांधी चौक, फाँसी गधेरा, मॉल रोड, पंत पार्क तथा राजभवन रोड आदि विभिन्न स्थानों पर गीत के शानदार दृश्य फि ल्माये गए। समाज में बढ़ते नशे में फं सते जा रहे बच्चे व युवा पीढी को गीत के माध्यम से जागरूक करने के विशेष उद्देश्य से गीत बनाया गया है। गीत के जरिये लोगों को नशा ना करने के लिए प्रेरित भी किया गया। पंत पार्क में गाने की शूटिंग के दौरान पर्यटकों व स्थानीय लोगो ने भी इसे उत्सुकता के साथ देखा और गीत की धुन पर झूमते थिरकते भी नजर आए। गीत का निर्देशन अधिवक्ता रितेश सागर ने किया व गीत के लेखक हेमंत बिष्ट व रितेश सागर व कोरियोग्राफर आयुषी कनवाल रही।



स्थानीय कलाकारों में प्रिंस सिंह दुग्ताल,आयुषी कनवाल, मानसी मनराल,डीके शर्मा, मिथिलेश पांडे, नीरज डालाकोटी, अजय पवार,पवन कुमार, डा. मोहित सनवाल, मनोज साह,अनन्या चंद्रा तथा योगिता तिवारी,आयुष चंद्रा, सुमित कुमार सहित नैनीताल के अन्य स्थानीय कलाकारों ने अभिनय किया। कैमरा अमर गौतम और हिमांशु के रहे साथ ही गीत के निर्माण में पुनीत टंडन मां नयना देवी व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष का विशेष योगदान रहा। होटल एसोसिएशन नैनीताल, अधिवक्ता पंकज कुलौरा, दिग्विजय सिंह बिष्ट, प्रमोद पाठक, जीके कलर, पम्मी खान, सेंट मेरी, सेंट जोसफ कॉलेज तथा ऑल सेंट कॉलेज और एनसीसी कैडेट्स ने भी सहयोग दिया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## बदलें रणनीति

*सूचना प्रोद्योगिकी में क्रांति आने के बाद देश की सुरक्षा के लिए खतरा बढ़ गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना के कमांडरों से कहा है कि गैर-परंपरागत युद्ध पर ध्यान दिया जाये। हाइब्रिड और युद्ध के अन्य तरीकों का भविष्य में खतरा बढ़ गया है। सेना को रणनीति बदलनी चाहिए। विश्व में अब विभिन्न देशों के बीच साइबर, सूचना, संचार, व्यापार व वित्त आदि को लेकर टकराव शुरू हो गये हैं। हालांकि भारत की सेना देशवासियों की उम्मीदों पर हमेशा खरी उतरी है, फिर भी रणनीति बदलने की जरूरत महसूस हो रही है। देश की सीमाओं पर सेना चुनौतियों के लिए तैयार है। चीन और पाकिस्तान के साथ भारत ने संबंध सुधारने के हमेशा प्रयास किये हैं। भारत की नीति पड़ोसी से संबंध सुदृढ़ रखने की रही है, परन्तु चीन और पाकिस्तान कभी पड़ोसी बनना नहीं चाहते।*

विज्ञान और प्रौद्योगिकी के निरंतर विकास से हर क्षेत्र में बदलाव हो रहा है। प्राचीनकाल से युद्ध होते रहे हैं। ब्रिटिश शासन की गुलामी से आजादी मिलने के बाद भारत को लगातार कई युद्धों का सामना करना पड़ा है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारतीय सेना पूरी तरह अस्त्र-शस्त्र से सज्जित नहीं हो पाई थी और चीन ने वर्ष 1962 में हमला कर दिया। भारतीय सेना को भारी क्षति पहुंची। इसके बाद भारत ने रक्षा के लिए बजट बढ़ाया और विदेश से हथियार खरीदे। सेना में भर्ती करके संख्या बल बढ़ाया। वर्ष 1965 में पाकिस्तान ने हमला किया। भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया। युद्ध में परास्त होने के बाद पाकिस्तान गिड़गिड़ाया तो भारत ने जीती हुई भूमि वापस कर दी। इसके बाद भी पाकिस्तान नहीं सुधरा और वर्ष 1971 में पुनः युद्ध हुआ। भारत ने पूर्वी पाकिस्तान को आजाद कराकर अलग बांग्लादेश राष्ट्र का गठन कर दिया। पाकिस्तान ने कारगिल में बंकर बनाकर भारत को एक बार फिर युद्ध के लिए मजबूर किया। तीन बार हारने के बाद पाकिस्तान आतंकवाद के जरिये छद्म युद्ध लगातार जारी रखे हुए है। उधर चीन भी घुसपैठ की हरकतें करने और दुश्मनी से बाज नहीं आ रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी में क्रांति आने के बाद देश की सुरक्षा के लिए खतरा बढ़ गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना के कमांडरों से कहा है कि गैर-परंपरागत युद्ध पर ध्यान दिया जाये। हाइब्रिड और अन्य तरीकों से युद्ध का भविष्य में खतरा बढ़ गया है। सेना को रणनीति बदलनी चाहिए। विश्व में अब विभिन्न देशों के बीच साइबर, सूचना, संचार, व्यापार व वित्त आदि को लेकर टकराव शुरू हो गये हैं। हालांकि भारत की सेना देशवासियों की उम्मीदों पर हमेशा खरी उतरी है, फिर भी रणनीति बदलने की जरूरत महसूस हो रही है। देश की सीमाओं पर सेना चुनौतियों के लिए तैयार है। चीन और पाकिस्तान के साथ भारत ने संबंध सुधारने के हमेशा प्रयास किये हैं। भारत की नीति पड़ोसी से संबंध सुदृढ़ रखने की रही है, परन्तु चीन और पाकिस्तान कभी पड़ोसी बनना नहीं चाहते। चीन ने सीमा का उल्लंघन करने के साथ ही घटिया सामान से भारत के बाजार को पाटकर आर्थिक क्षति पहुंचाई। भारत ने काफी हद तक चीन से अनेक चीजों के आयात पर रोक लगा दी है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर अग्रसर है। जैविक और साइबर युद्ध का खतरा मंडरा रहा है। भारतीय सेना को गैर-परंपरागत युद्ध में दुश्मन को परास्त करने पर ध्यान देना होगा। चीन ने वैश्विक महामारी कोरोना वायरस फैलाकर भारत समेत दुनिया के अनेक देशों में तबाही मचा दी। पूरे विश्व ने एक स्वर से चीन की घिनौनी हरकत की निंदा की है। करोड़ों लोग कोरोना से मारे जा चुके हैं। विश्व की महाशक्ति अमेरिका भी खतरा महसूस कर रहा है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में मंगलवार को सेपक टाकरा एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में दिनांक 26 मार्च से 30 मार्च 2024 तक देवांगगिरी (कर्नाटक) में आयोजित 26वीं जूनियर चैंपियनशिप तथा ड्रॉप रो बाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 29 मार्च से 31 मार्च 2024 तक श्री कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेजए कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में 14वीं सीनियर महिला एवम पुरुष ड्रॉप रो बाल चैंपियनशिप 2023- 24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कुलपति प्रो0 दीवान सिंह रावत ने सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया।

इस मौके पर कुविवि के क्रीड़ाधिकारी डॉ0 नागेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि सेपक टाकरा में उत्तराखंड बालक वर्ग की डबल इवेंट में तेजस्वी कुमार, शिवम् नेगी तथा शुभ श्रीवास्तव ने रजत पदक प्राप्त किया है। इसके साथ ही महिला एवम पुरुष ड्रॉप रो बाल चैंपियनशिप में महिला वर्ग के सिंगल इवेंट में निशु रावत ने स्वर्ण पदक जबकि डबल इवेंट में भावना जोशी, प्रियांशी रावत,अंजलि रावत, तान्या ने स्वर्ण पदकए चैलेंजिंग इवेंट में वैशाली पाण्डेयए स्वेता भाकुनी, पायल दानू, कशिश शर्मा ने स्वर्ण पदक तथा मिक्स डबल इवेंट में अंकिता रमोला, श्रुति हालसी तथा राजा बाबू, सचिन पाण्डेय ने स्वर्ण पदक तथा सुपर इवेंट में रजत पदक हासिल किया तथा पुरुष वर्ग में सिंगल इवेंट में अजय ने स्वर्ण पदक तथा चैलेंजिंग इवेंट में योगेश पाण्डे तथा मयंक सुंदरियाल व सुमित मेहता, पवन सिंह बिष्ट ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। क्रीड़ा अधिकारी डॉ0 शर्मा ने बताया कि सेपक टाकरा तथा ड्रॉप रो बाल खेल में विश्वविद्यालय के खिलाड़ी निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर कुविवि के कुलपति प्रो0 दीवान एस रावत ने समस्त खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों और क्रीडा अधिकारी डॉ0 नागेंद्र शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के खिलाडियों ने खेल में अपनी उपलब्धियों से लगातार कुमाऊं विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि खेल हमें सिखाते हैं कि उत्कृष्टता की कोई सीमा नहीं है और हमें अपनी पूरी ताकत से उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रयास करते रहना चाहिए।

हमारा पूरा प्रयास है कि हम खिलाडियों में छिपी प्रतिभा की पहचान करए अधिक से अधिक अवसर प्रदान करए व उनका बेहतर मार्गदर्शन देकर उनको प्रोत्साहित कर सके। इस मौके पर उप कुलसचिव श्री दुर्गेश डिमरीए परीक्षा नियंत्रक डॉ0 महेंद्र राणा व प्रो0 ललित तिवारी तथा डॉ0 संतोष कुमार उपस्थित रहे।

## अनिवार्य स्थानांतरण के पात्र शिक्षकों से विकल्प मांगने की तिथि 30 अप्रैल तय करें

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ नैनीताल ने प्रांतीय तदर्थ समिति देहरादून को ज्ञापन भेजकर अनिवार्य स्थानांतरण के पात्र शिक्षकों से विकल्प पत्र मांगे जाने की तिथि 20 अप्रैल के बजाय 30 अप्रैल किए जाने की मांग उठाई है।

इस संबंध में संघ के जिला मंत्री डिकर सिंह पडियार की ओर से भेजे गए ज्ञापन में कहा है कि वार्षिक स्थानांतरण के तहत विकल्प पत्र मांगे जाने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल निर्धारित की गई है। कहा गया है कि 19 अप्रैल को राज्य में लोकसभा चुनाव है और अधिकांश शिक्षकों की चुनाव में ड्यूटी लगी है। ऐसे में शिक्षक 21 अप्रैल के बाद ही चुनाव ड्यूटी से मुक्त हो पाएंगे। साथ ही एजुकेशन पोर्टल पर स्थानांतरण के लिए पात्र शिक्षकों की सूची व रिक्तियां की सूचना प्रकाशित नहीं की गई हैं। उन्होंने विकल्प पत्र मांगे जाने की तिथि 30 अप्रैल निर्धारित करने की मांग की है।



# सीएम धामी ने बाबा नीम करौली का लिया आशीर्वाद

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**


राम नवमी के अवसर पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीब करौरी महाराज की पूजा अर्चना कर आर्शीवाद लिया।

सीएम ने बीस मिनट तक कैंची में बाबा का ध्यान लगाया। राम नवमी के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीब करौरी महाराज की पूजा अर्चना कर आर्शीवाद लिया।

सीएम ने बीस मिनट तक कैंची में बाबा का ध्यान लगाया। साथ ही मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ मुलाकात की। सीएम धामी बुधवार की दोपहर 1.30 बजे कैंची धाम पहुंचे थे। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि सीएम ने बाबा की पूजा अर्चना कर आर्शीवाद लिया। साथ ही मंदिर आए भक्तों से भी बात की। आधे घंटे के बाद सीएम वापस हल्द्वानी की ओर रवाना हो गए।

# फिल्मी दुनिया

## फिल्म में दिखी इजराइल के आयरन डोम जैसी तकनीक की झलक



*अली अब्बास के निर्देशन में बनी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में दिखाए गए युद्ध के दृश्यों की तुलना इजराइल के आयरन डोम से की जा रही है। इस तकनीक की कल्पना और इसका उल्लेख भारतीय विजन में 3000 वर्ष से भी पहले हुई थी। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी बड़े मियां छोटे मियां एक हाई ऑक्टेन एक्शन फिल्म है, जिसमें युद्ध की नई तकनीकों को दिखाया है। वहीं फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की दमदार अदाकारी और एक्शन ने भी दर्शकों का दिल जीता। वहीं अब फिल्म में दिखाए गए दृश्यों की तुलना इजराइल के आयरन डोम से की जा रही है। दरअसल, इजराइल का प्रसिद्ध आयरन डोम मध्य पूर्व में तनाव बढ़ाने के लिए ईरान द्वारा लॉन्च किए गए सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों को विफल करने के लिए चर्चा में रहा है। इजराइल के पास यह शक्तिशाली रक्षा प्रणाली 1979 से है, जब उसे गाजा से मिशन युद्ध की आशंका थी। ऐसे में अब आयरन डोम और बड़े मियां छोटे मियां में क्या समानता है? भारतीय रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) निकट भविष्य में ऐसी मिसाइल रक्षा प्रणाली पर काम करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। प्रोफेसर के विजय राघवन के मार्गदर्शन के नेतृत्व में यह पहल रक्षा क्षेत्र के भीतर नवाचार, जवाबदेही और आधुनिकीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वे मानते हैं कि आज की कल्पना कल का तथ्य भी हो सकती है और बॉलीवुड ने जल्द ही इसे सही साबित कर दिया है। इस कल्पना को तथ्य के रूप में बॉलीवुड फिल्म %बड़े मियां छोटे मियां% में दर्शाया गया है।*

### लोहे के गुंबद का एक संदर्भ

*दरअसल, फिल्म में पटकथा लेखक और निर्देशक अली अब्बास जफर द्वारा लिखा गया एक दृश्य है, जो भारत के पास एक ऐसी रक्षा प्रणाली को दिखाता है, जो नकाबपोश खलनायक मिस्टर एक्स के खिलाफ देश की सीमाओं की रक्षा करती है। यह करण कवच है, जिसे कर्ण कवच या करण की ढाल कहा जाता है। इसका जिक्र महाकाव्य महाभारत की कहानी में है, जिसमें बताया गया है कि भगवान सूर्य द्वारा कर्ण को वरदान में प्रसिद्ध कवच और कुंडल दिए गया और कहा गया कि जब तक वे उन्हें पहने रहेंगे, कोई भी हथियार उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। फिर इंद्र ने उन्हें इसे दान में छल से मांग लिया।*

# ज्योलीकोट के कई गांवों में आठ घंटे बिजली ठप

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के न्याय पंचायत ज्योलीकोट की आधा दर्जन ग्रामसभाओं के बीस से ज्यादा गांव की विद्युत आपूर्ति पिछले आठ घंटों से ठप्प पड़ी हुई है जिसके चलते सभी गांव अंधेरे में डूबे हुए हैं, वही समीपवर्ती ग्राम भलूयूटी में पानी की आपूर्ति नहीं होने से ग्रामीण परेशान है।

मंगलवार को दोपहर बारह बजे से इलाके की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई बताया जा रहा है कि इलाके की मुख्य आपूर्ति लाइन में भूमियाधार गेठिया के मध्य फाल्ट आया है हालांकि कई स्थानों में उक्त लाइन में आवागमन की परिस्थिति अनुकूल नहीं है लेकिन फिर भी आठ घंटे बाद भी विद्युत आपूर्ति सुचारु ना कर पाना विभाग की कार्य प्रणाली को कटघरे में खड़ा करता है।

बता दें कि आपूर्ति बाधित होने से लोगों को तमाम समस्याओं से दो चार होना पड़ रहा है। इलाके में बड़ी संख्या में पर्यटक रुके हुए है समाचार लिखे जाने तक विभागीय कर्मचारियों को फाल्ट ही नहीं मिल पाया है। वही समीपवर्ती ग्राम भलूयूटी की मंजू कांडपाल ने बताया कि नवरात्रि में उनके इलाके में पानी की आपूर्ति भी नहीं हो रही है। एस डी ओ प्रियंक पांडे ने बताया कि आपूर्ति सुचारु करने के प्रयास किया जा रहा है।



CMYK

हलचल

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

● हल्द्वानी ● बुधवार ● 17 अप्रैल 2024

सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप



# नैनीताल जिले के दूरस्थ मतदेय स्थलों के लिए 57 पोलिंग पार्टियां रवाना

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

एमबी पीजी कालेज से पोलिंग पार्टियों की रवानगी शुरू हो गई है। मतदान से दो दिन पहले बुधवार को भीमताल विधानसभा के दूरस्थ क्षेत्रों की 57 पोलिंग पार्टियां रवाना की गई। शेष 953 पोलिंग पार्टी कल गुरुवार को रवाना की जाएंगी। इधर एमबी पीजी कालेज में दिनभर खासी भीड़ रही। नैनीताल जिले में ीमताल विधानसभा का सर्वाधिक पैदल दूरी वाला मतदेय स्थल राजकीय रीखाकोट है, सड़क मार्ग से इसकी पैदल दूरी पांच किलोमीटर है, एमबी पीजी कालेज से यह 82 किलोमीटर दूर है। यहां के लिए आज पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं। इसके साथ ही जिला स्तर पर सर्वाधिक पैदल दूरी वाला मतदान स्थल राजकीय प्राथमिक विद्यालय मलुवाताल (भीमताल) है। यहां के लिए मतदान कार्मिकों को छह किलोमीटर दूर चलना पड़ेगा। इसकी एमबीपीजी कॉलेज से सड़क मार्ग की दूरी अन्य मतदेय स्थलों से कम है, इसलिए यहां की पोलिंग पार्टियां कल ोजी जाएंगी। नैनीताल जिले में 1010 बूथों पर मतदान होगा।



## जिले का यह मतदेय स्थल 140 किलोमीटर दूर

एमबी पीजी कालेज में बनाये गये निर्वाचन कार्यालय से सबसे अधिक दूरी वाला मतदेय स्थल राजकीय प्राथमिक विद्यालय गौतपांगू (कैड़ा गांव) है, हल्द्वानी से इसकी दूरी 140 किलोमीटर है, हालांकि सड़क से यह 600 मीटर की दूरी है। बुधवार को यहां के लिए ी पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं।

## दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मिलेगी व्हीलचेयर

प्रत्येक विधानसभा में एक पीडब्ल्यूडी मतदेय स्थल (दिव्यांग मतदाता) बनाया गया है।

इनके लिए 13 गाड़ियां व समाज कल्याण वि ााग ने 36 कार्मिक तैनात किये हैं। वि ााग ने 700 दिव्यांग व 60 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं की मैपिंग कर ली गई है। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांग और 60 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए मतदेय स्थल पर व्हीलचेयर की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

नगर निगम हल्द्वानी के सभी पोलिंग बूथों पर भी व्हीलचेयर की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## News कॉर्नर

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने की मताधिकार करने की अपील

**रुद्रपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे 19 अप्रैल मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। उन्होंने युवा मतदाताओं, बुजुर्ग, दिव्यांग, महिलाओं के साथ ही सभी मतदाताओं से निर्वाचन महापर्व में मतदान कर प्रतिभाग करने की अपील की । उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा व मजबूत लोकतंत्र है, स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है ,मतदान हमारी ताकत है इसलिए अपने मत की ताकत को समझते हुए निर्भय होकर अवश्य मतदान करें साथ ही अपने आसपास के मतदाताओं को भी मतदान हेतु प्रेरित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मताधिकार हमारा अधिकार है इसलिए अपने कर्तव्य को समझते हुए बिना किसी प्रकार के प्रलोभन के निर्भिक होकर मत का अवश्य प्रयोग करें ,ताकि समाज को एक अच्छा जनप्रतिनिधि मिले व क्षेत्र ,देश का विकास हो सके, इसलिए 19 अप्रैल को बूथ में जाकर मतदान अवश्य करें।

### मौसम बदलने से बढ़ी मरीजों की संख्या

**अल्मोड़ा।** बदलते मौसम से लोग तेजी से बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों में पेट दर्द, खांसी के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। जिले में सुबह और शाम हल्की ठंड ठंड है। वहीं दोपहर में धूप होने से तेज गर्मी पड़ रही है। रात में भी मौसम ठंडा है। पल-पल बदल रहे मौसम से मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। सबसे ज्यादा मरीज अधेड़, बुजुर्ग एवं बच्चे देखे जा रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से मौसम जनित बीमारियों से ग्रसित रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है।

# काशीपुर पुलिस ने किया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

काशीपुर पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की 6 बाईकें बरामद की है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। यह सफलता पुलिस को चैकिंग के दौरान मिली। पुलिस के मुताबिक काशीपुर क्षेत्र से लगातार हो रही बाईक चोरी की घटनाएं हो रही। वाहन चोरी की घटनाओं को रोकथाम के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालें। सीसीटीवी फुटेज में कई संदिग्ध दिखाई दिए। प्रभारी निरीक्षक काशीपुर आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस सीसीटीवी फुटेज एकत्र की गयी फुटेज में दिख रहें संदिग्ध व्यक्तियों की सुरागरसी कर रही। पुलिस ने चैकिंग के दौरान संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पिछले दिनों चोरी हुई बाईकों की जानकारी मिली। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि पुलिस पूछताछ में पकड़े गए वाहन चोरों ने अपना नाम शाहरुख पुत्र इकबाल निवासी करबला काली बस्ती थाना काशीपुर,नफीस अहमद पुत्र रहीस अहमद निवासी पाकीजा कालोनी जसपुर खुर्द्ध थाना आईटीआई बताया। उन्होंने बताया कि दोनों चोर गिरोह के सदस्य हैं और बाईकें चोरी कर बेचने की बात बताई। दोनों नशे की आदी भी है। दोनों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही। टीम में एसएसआई सतीश कुमार शर्मा, एसआई विपुल जोशी समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।




**सफलता**

● चोरी की 6 बाईकों के साथ 2 वाहन चोर गिरफ्तार

# रामनवमी पर नैना देवी मंदिर में हुआ कन्या पूजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

रामनवमी के पावन अवसर में मां नैना देवी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिर परिसर में सुबह पूजा अर्चना के साथ ही हवन यज्ञ किया गया और सभी भक्त पूजा अर्चना के साथ ही मां नैना देवी मंदिर के समीप पार्क में कन्यापूजन करते भी नजर आए। कई लोग अपने घरों से पकवान बनाकर मंदिर में लाए और विधिवत कन्यापूजन किया। मंदिर परिसर में दिन भर श्रद्धालुओ का आना लगा रहा। इसके साथ ही मां पाषाण देवी मंदिर, हनुमानगढ़ी और शहर के अन्य मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ रही।



## NEWS / फटाफट

### नहीं रहे जॉब आईआईटी के संस्थापक ओली



**हल्द्वानी।** जॉब आईआईटी के संस्थापक देवकीनन्दन ओली का निधन बीते दिवस हो गया है। जॉब आईआईटी के संस्थापक और राजकीय औद्योगिक संस्थान के पूर्व प्रधानाचार्य देवकी नन्दन ओली का बीते रोज मंगलवार सुबह 9:30 बजे अपने निवास स्थान आवास-विकास में देहानत हो गया, जिनकी आयु 90 वर्ष थी। उनके निधन पर समस्त परिवार समेत साथियों ने शोक जताया।

### राम नवमी हवन पूजन एवं कन्या पूजन आरती

**हल्द्वानी।** सारथी फाउंडेशन समिति के संस्थापक संयोजक नवीन पन्त द्वारा श्री राम नवमी के शुभ अवसर पर आवास विकास कालोनी में हवन पूजन एवं कन्या पूजन आरती उतार कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सारथी फाउंडेशन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।



## लैंगिक अपराध मामले में दोषी को तीन साल की सजा

**अल्मोड़ा।** लैंगिक अपराध के मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश अल्मोड़ा श्रीकांत पांडे की अदालत ने अभियुक्त करमवीर निवासी इटावा, यूपी को दोष सिद्ध किया है। दोषी को तीन साल का कारावास और दस हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। जिला शासकीय अधिवक्ता पूरन सिंह कैड़ा और विशेष लोक अभियोजक घनश्याम जोशी ने बताया कि वादी ने पुलिस को तहरीर सौंप कर बताया कि 10 जनवरी 2023 को उसकी बहन अस्पताल गई थी और वापस नहीं आई।

# पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच मां अटरिया का डोला पहुंचा अटरिया मंदिर

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

मंगलवार दोपहर को पावन नवरात्र के अष्टमी पर्व पर मां अटरिया का डोला रम्पुरा स्थित मां अटरिया मंदिर से पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचा। मां अटरिया का डोला शहर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरता हुआ मेला स्थल स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ मां अटरिया मंदिर पहुंचा। इससे पूर्व रम्पुरा स्थित मां अटरिया मंदिर में माता पुष्पा देवी के सानिध्य में पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात मां अटरिया की भव्य प्रतिमा को फूलों से सुसज्जित पालकी में विराजमान किया गया। शोभा यात्र में कई सुंदर झांकियां भी प्रदर्शित की गई थी। बैंड बाजों की भजन धुन में सैकड़ों श्रद्धालु जयघोषों के साथ नाचते गाते चल रहे थे। शोभा यात्र मुख्य मार्गो से होकर गुजरती हुई प्राचीन अटरिया मंदिर पहुंची जहां अनुष्ठानों के साथ मां अटरिया देवी की प्रतिमा को स्थापित किया गया। इस दौरान माता पुष्पा देवी, प्रबंधक, सचिव अरविंद शर्मा, पंकज गोड़, मनीष शर्मा, दीपा शर्मा, सौरभ शर्मा, सुनीता गोड़,राजू गुप्ता, द्रोपा देवी ,देवकी देवी आदि लोग मौजूद रहे।



## शेष पेज एक का...

...संहिता विधेयक पारित कर दिया। भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र में पूरे देश के अंदर यूसीसी की जरूरत बताई है। यूसीसी को लागू करने की बात कही है। उत्तराखंड के अंदर से निकली समान नागरिक संहिता की गंगा देश के कोने कोने में पहुंचेगी। उन्होंने कहा नकल विरोधी कानून को भी संकल्प पत्र में स्थान दिया गया है। जिसे हम राज्य में पहले ही लागू कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस सरकार में हर दिन घोटाले और घपले सामने आते थे। देश में सभी बड़े घोटालो के पीछे कांग्रेस का हाथ है। आज मोदी जी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार किया जा रहा है। यही कारण है कि कांग्रेस और देश के अन्य भ्रष्टाचारी दलों ने मिलकर गठबंधन कर लिया है। सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट ने अपने पक्ष में वोट कि अपील की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, विधायक बंशीधर भगत, राम सिंह केडा, सरिता आर्य, मोहन बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, निवर्तमान मेयर डॉ जोगेंद्र रौतेला, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, नवीन भट्ट, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अलका जीना, मण्डल अध्यक्ष किशोर जोशी, प्रताप रेकवाल, मुकेश बोरा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष राशि जैन, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कार्तिक हरबोला, विनीत अग्रवाल, प्रकाश हरबोला, प्रतिभा जोशी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# ग्राफिक एरा में एक दिवसीय व्यवहारिक एवं क्रियाशील कार्यशाला का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय व्यवहारिक एवं क्रियाशील कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में प्रमुख वक्ता प्रो.नन्द गोपाल साहू एफ़आरएससी निदेशक रिसर्च एण्ड डेवलेपमेन्ट कुमाऊँ यूनिवर्सिटी, द्वारा प्लास्टिक वेस्ट से कीमती ग्रैफीन पदार्थ बनाने की वैज्ञानिक विधि साझा की गयी तथा उसक उपयोग पर प्रकाश डाला प्रो. साहू ने बीटेक व ईको क्लब के छात्र-छात्राओं को प्लास्टिक वेस्ट से कैसे पर्यावरण को बचाया जा सकता है उसके लिए सजक एवं जागरूक किया तथा छात्र-छात्राएँ अपना रोल निभा सकते हैं उसके लिए प्रोत्साहित किया। क्रियाशील कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने प्लास्टिक वेस्ट से बल्ब जलाना प्रदूषित जल को शुद्ध करना मेटल कन्टामिनेशन की जाँच के बारे में प्रयोग किया। कार्यशाला समन्वयक डॉ. पुष्पा नेगी ने स्पीकर तथा गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत कर कार्यक्रम आरम्भ किया तथा नैनोसाइंस एवं नैनोटेक्नालॉजी में इच्छा बढ़ाने के बारे में बताया ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर के निदेशक कर्नल अनिल कुमार नायर ने छात्र-छात्राओं के सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यशाला में डॉ.किरन जोशी सुरभि सक्सेना भी मौजूद रहे।

